**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**24.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे**

## अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि केंद्र की एनडीए सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हिमाचल की आपदा के समय भरपूर आर्थिक मदद की है और भविष्य में भी राहत व पुनर्वास कार्यों में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। अमित शाह ने कहा कि वे स्वयं हिमाचल आकर प्राकृतिक त्रासदी का जायज़ा लेंगे। अमित शाह आज दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में उनसे मिलने आए प्रदेश भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल को संबोधित कर रहे थे। इस प्रतिनिधिमंडल में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, सांसद अनुराग ठाकुर, सुरेश कश्यप, राजीव भारद्वाज, कंगना रणौत, डॉक्टर सिकंदर कुमार, हर्ष महाजन, इंदू गोस्वामी और विधायक हंसराज, विनोद कुमार और दीपराज शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय गृह मंत्री को प्रदेश में आई त्रासदी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल ने इससे पूर्व केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भी मुलाकात की और आपदा के बारे में बताया। गडकरी ने प्रतिनिधिमंडल को राष्ट्रीय राजमार्गों के रख–रखाव और पुनर्निर्माण के लिए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

## केंद्रीय टीम

प्रदेश में बादल फटने की घटनाओं के अध्ययन के लिए गठित विशेषज्ञों की केंद्रीय टीम ने आज शिमला में मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना और अन्य अधिकारियों के साथ एक बैठक की। मुख्य सचिव ने इस मौके पर कहा कि हाल ही के वर्षों में प्रदेश में बार–बार प्राकृतिक आपदाएं आ रही हैं और इनकी तीव्रता व प्रभाव में भी वृद्धि हुई है। बैठक की जानकारी देते हुए विशेष सचिव व निदेशक आपदा प्रबंधन प्राधिकरण डी.सी.राणा ने कहा कि इस तरह का अध्ययन संभवतः पहली बार हो रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय टीम वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने और इनका विश्लेषण करने के बाद बादल फटने के कारणों का पता लगाएगी।डी.सी.राणा ने कहा कि प्रदेश में मॉनसून से जुड़ी घटनाओं में अभी तक 12 सौ करोड़ रूपये से अधिक का नुकसान हो चुका है। इन घटनाओं में एक सौ 37 लोगों की जान चली गई है, जबकि 34 अभी भी लापता हैं।

## कर्मचारी

हिमाचल पथ परिवहन निगम चालक व परिचालक यूनियन और निगम प्रबंधन के बीच आज शिमला में हुई वार्ता बेनतीजा रही। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मान सिंह ठाकुर ने कहा कि कर्मचारियों की लंबित देनदारियों के भुगतान के लिए प्रबंधन फिलहाल राजी नहीं है, ऐसे में यूनियन ने पहली अगस्त से वर्क टू रूल के तहत केवल 8 घंटे काम करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि यदि उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से 31 जुलाई से पहले कोई बातचीत होती है और समाधान निकलता

है, तभी फैसले पर पुनर्विचार किया जाएगा। परिवहन निगम को अपने चालकों और परिचालकों को लगभग एक सौ करोड़ रूपये के ओवर टाईम का भुगतान करना है।

## दुर्घटना

मंडी ज़िला के सरकाघाट उपमंडल के मसेरन के पास तरांगला में आज सुबह राज्य पथ परिवहन निगम की एक बस के खाई में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 7 लोगों की मौत हो गई और 27 लोग घायल हो गए। मृतकों में 4 महिलाएं और 3 पुरूष शामिल हैं। बस में कुल 34 लोग सवार थे। ये बस जमणगलू से सरकाघाट जा रही थी। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों और पुलिस ने राहत व बचाव कार्य आरंभ कर दिए और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। डी.एस.पी सरकाघाट संजीव धीमान ने बताया कि एक यात्री ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि बाकी लोगों की अस्पताल ले जाते हुए मौत हुई। दुर्घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। इस बीच राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, सांसद सिकंदर कुमार और गोपालपुर के पूर्व विधायक रंगीला राम राव ने इस बस दुर्घटना पर गहरा दुख जताया है और शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बिलासपुर स्थित एम्स पहुंचकर घायलों का कुशलक्षेम भी पूछा।

## सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार के एक सवाल के लिखित जवाब में केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि मंडी से पंडोह के बीच 21 किलोमीटर लंबी फोरलेन सड़क पर काम शुरू हो गया है और इसे मौजूदा वर्ष में ही 15 अगस्त तक पूरा कर लिए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि इसमें से 3 किलोमीटर सड़क को डी–स्कोप कर दिया गया है, क्योंकि इसमें पहाड़ की कटिंग काफी अधिक होनी थी। गडकरी ने यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी भी दी। डॉक्टर सिकंदर कुमार के एक अन्य सवाल के जवाब में जनजातीय कार्य मंत्री दुर्गादास उड़के ने कहा कि प्रदेश के लिए 4 वन धन विकास केंद्र स्वीकृत किए गए हैं, जिनसे एक हज़ार एक सौ 10 लाभार्थी जुड़े हैं।

.......................................................................................................................................................